एक नजर

सायबर क्राइम से बचने मोबाइल का उपयोग कम करें-अंजली

सिवनी मालवा 12 जनवरी .आज के आधुनिक समय में सबसे ज्यादा अपराध मोबाइल के माध्यम से बढ़ रहे है जिससे अपराध का ग्राफ बढ़ता ही जा रहे है। सबसे ज्यादा अपराध सोशल मिडिया के कारण हो रहे है जिससे बचने के लिए मोबाईल का कम से कम उपयोग करे। यह बात न्यायाधीश अंजली अग्रवाल ने शासकीय कुसुम महाविधालय में आयोजित विधिक जन जागरूकता शिविर में विद्यार्थियों से कही।

न्यायाधीश सुश्री अग्रवाल ने विद्यार्थियों से कहा कि आज के समय में अपराध की जानकारी होना बहुत आवश्यक है जिसके लिए उसकी जानकारी होना जरूरी है। उन्होंने विद्यार्थियों को मोटर व्हीकल एक्ट मे बताया कि अपने को वाहन चलाते समय सुरक्षित रखने के लिए हेल मेट और सीट बेल्ट का उपयोग आवश्यक रूप से करे जिसके कारण विपरीत परिस्थिति में आपकी जान की सुरक्षा हो सके। उन्होंने विद्यार्थीयो को पॉक्सो एक्ट, बाल विवाह, दहेज एक्ट की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि युवावस्था में अक्सर युवा वर्ग नशे के आदी हो जाते है। इसलिए आप सभी को नशा करने से बचना चाहिए। क्योकि नशा आपको सब तरह से बर्वाद ही करता है। उन्होंने आगे विद्यार्थियों को जल भूमि जमीन और पर्यावरण की सुरक्षा करने को कहते हुए पर्यावरण शुद्ध रहेगा तो हम सभी बीमारियों से अपना बचाव करके स्वस्थ रह सकते है। विवेकानंद जी हम सभी के प्रेरणास्रोत है। उन्होंने युवाओ को स्वस्थ रहकर समाज सेवा करने की प्रेरणा दी है। जो आप पर्यावरण को बचा कर उनकी प्रेरणा को साकार रूप दे सकते है। उन्होंने नशा ना करके सद्विचारों से समाज में अच्छा वातावरण बनाने का संदेश दिया है। जो आप सभी को उनके पदचिन्हों पर चलकर पुरा करना है। इस अवसर पर वरिष्ठ प्राध्यापक डा. ए. के. यादव, सुनील सोनी, नवनीत सोनारे सहित सभी प्राध्यापक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

यात्री से भरी बस पलटी, 25 घायल

खेतों में काम कर रहे किसान, मजदूरों तथा राहगीरों ने बस में फंसे घायलों को बाहर निकाला

नवभारत न्यूज

सोहागपुर, 12 जनवरी सोहागपुर के समीप चीचली माइनर नहर से कुछ दूर सोमवार सुबह एक यात्री बस पलट गई। जिसमें 25 यात्री घायल हुए हैं। सूचना मिलते ही नागरिक घटनास्थल एवं अस्पताल पहुंचे तथा प्रशासन व घायलों की सहायता की। प्रशासन से प्राप्त जानकारी अनुसार सोमवार सुबह लगभग 11 बजे नर्मदापुरम से पिपरिया जा रही बस चीचली नहर के समीप पलट गई। बस में 30 से अधिक यात्री सवार थे तथा खेतों में काम कर रहे किसान, मजदूर तथा स्टेट हाईवे से होते हुए जा रहे यात्रियों ने बस में फंसे घायलों को बाहर निकालने में मदद की। सूचना पर एसडीएम प्रियंका भल्लावी, तहसीलदार आरके झरबड़े, एसडीओपी संजू चौहान व टीआई ऊषा मरावी भी मौके पर पहुंचे। दुर्घटना के घायलों को तत्काल आते-जाते वाहनों सहित पुलिस वाहन एवं डायल 112 से अस्पताल पहुंचाया गया। जहां घायलों का इलाज किया गया है। बीएमओ डॉ. रेखासिंह गौर ने बताया कि 25 यात्री घायल हैं, जिनमें से पांच को नर्मदापुरम् रैफर किया गया। पुलिस ने फरियादी राहुल गन्नूलाल अहिरवार की रिपोर्ट पर बस चालक के खिलाफ धाराओं 281, 125 (ए) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज किया है. अस्पताल से प्राप्त जानकारी अनुसार मजदूर घटना में 25 यात्री घायल हुए हैं। इन घायलों में मोहन रामविलास कुशवाहा नंदनवाड़ा, खुमान नंदनलाल मोकलवाड़ा, नीलेश हेमंत पुरी शोभापुर,

घायलों को तत्काल आते-जाते वाहनों सहित पुलिस वाहन से अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस ने फरियादी राहुल गन्नूलाल अहिरवार की रिपोर्ट पर बस चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है.

कलाबाई शालकराम लखनपुर, फूल सिंह नन्हेंलाल सेमरी, रामचरण गिरी पन्नालाल सेमरी, महिमा नीलेश नर्मदापुरम्, रितु लीलाधर यादव नर्मदापुरम्, नुसरत नवाब मोहम्मद भोपाल, ऋषिका नीलेश मेहरा किवलारी, मालती बाई भगवानदास बम्होरी, राहुल गन्नूलाल किवलारी, गणपत नारायण सिंह लोधी उदयपुरा, सुदामा प्रसाद पंछीलाल कलमेशरा, शिवम अशोक अहिरवार सेमरी, बलीराम विश्राम सिरवाड़, रहबर अकबर खान सोहागपुर, राधिका रामविलास नंदनवाड़ा, गोलू मुस्ताक विदिशा, लता श्री मोहन करनपुर, सुनीता हरिया करनपुर, बसंती प्रकाश पीपरपानी, दिव्यांश प्रकाश पीपरपानी, चैनसुखी ओमप्रकाश मानेगांव, सुकीर्ति छोटेलाल सोनी जमुनिया शामिल हैं।

जीरामजी योजना शत-प्रतिशत रोजगार की गारंटी : सिंह

नवभारत न्यूज

नर्मदापुरम/12,जनवरी,2026 / हर गरीब को निश्चित गारंटी से रोजगार मिले और उसकी गरिमा का पूरा सम्मान हो। गरीब जनजातीय वर्ग और पिछड़ा वर्ग को रोजगार मिले इसके लिए जी राम जी योजना का नया ढांचा तैयार किया गया है। यह पूरी योजना महात्मा गांधी जी की भावना के अनुरूप है। नई योजना में काम के दिन ज्यादा होंगे साथ ही मजदूरों को पारिश्रमिक भी जल्दी मिलेगा उक्त जानकारी प्रदेश के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री श्री राव उदय प्रताप सिंह ने सोमवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में दी। मंत्री श्री राव ने बताया कि जी राम जी योजना के अंतर्गत हर ग्रामीण परिवार को हर साल 125 दिन के काम की गारंटी मिलेगी। वन क्षेत्र में काम करने वाले, अनुसूचित जनजाति के श्रमिकों को 25 दिन का और अतिरिक्त रोजगार दिया जाएगा उन्हें कुल मिलाकर 150 दिन का रोजगार दिया जाएगा। मंत्री श्री राव ने बताया कि जी राम जी रोजगार गारंटी की योजना है इसमें पूरी पारदर्शिता रखी गई है। जहां पहले मजदूरो को नगद भुगतान किया जाता था जिसमें भ्रष्टाचार की व्यापक संभावना रहती थी, उन सब आशंकाओं को खत्म करते हुए इस योजना में मजदूरों को उनके पारिश्रमिक का भुगतान उनके बैंक खातों में कैशलेस किया जाएगा। फेस आईडी मशीन से मजदूरों की अटेंडेंस ली जाएगी और गारंटी से 125 दिनों तक उन्हें रोजगार मिलेगा। मंत्री श्री राव उदय प्रताप सिंह ने बताया कि मनरेगा पर अब तक 11.74 लाख करोड रुपए खर्च हुए हैं। जिसमें मोदी सरकार ने 8.53 लाख करोड रुपए खर्च किए हैं।

जिले में हुआ सामूहिक सूर्य नमस्कार का भव्य कार्यक्रम

नवभारत न्यूज

नर्मदापुरम/12,जनवरी. स्वामी विवेकानंद के जन्म जयंती के अवसर पर प्रतिवर्ष देश एवं प्रदेश में सामूहिक सूर्य नमस्कार का कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। सोमवार को सूर्य नमस्कार का भव्य कार्यक्रम नर्मदा महाविद्यालय के प्रांगण में आयोजित किया गया, जिसमें जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, शिक्षकों एवं 25 स्कूलों के लगभग 3000 छात्र-छात्राओं ने सूर्य नमस्कार के 12 आसनों और तीन चक्र का अभ्यास किया। योग गुरु नरेंद्र गुरु जी ने सभी को सामूहिक सूर्य नमस्कार का अभ्यास कराया। आकाशवाणी से राष्ट्रगीत वंदे मातरम तथा स्वामी विवेकानंद के शिकागो धर्म सभा में दिए गए उद्बोधन का प्रसारण किया गया। भोपाल में आयोजित सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने प्रदेशवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि सूर्य नमस्कार व्यक्तित्व के साथ चरित्र निर्माण को भी निखारता है।

खिरकिया। भारतीय किसान संघ तहसील द्वारा मासिक बैठक रामकृष्ण सोनेर की अध्यक्षता में संपन्न हुई स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष में कृषि उपज मंडी प्रांगण में स्तिथ मूर्ति पर कार्यकर्ताओं द्वारा माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया इसके उपरांत विश्रामगृह में बैठक का आयोजन हुआ। बैठक के बाद मुख्यमंत्री जी के नाम एक ज्ञापन जिसमे आगामी रवि सीजन 2026 में फसल के पंजीयन कर गेहूं 2700 रुपए प्रति कुंटल खरीदा जाए जिन किसानों की सोयाबीन की राहत एवं बीमा राशि नहीं मिली उन्हें तुरंत दी जाए.

विद्यार्थियों सहित स्टाफ ने किया सूर्य नमस्कार

माखन नगर -श्री माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय महाविद्यालय माखन नगर में मध्य प्रदेश शासन व जिला प्रशासन के निर्देशानुसार 12 जनवरी 2026 को स्वामी विवेकानंद जी के जन्म दिवस (युवा दिवस) के उपलक्ष में प्रात: 9.00 बजे सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन किया गया । महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर नीता चौबे के मार्गदर्शन में महाविद्यालय क्रीड़ा अधिकारी डॉ राजकुमार पटवा द्वारा सूर्य नमस्कार, प्राणायाम सहित अन्य योग मुद्राएं संपन्न कराई गईं। साथ ही माननीय मुख्यमंत्री जी का संदेश का वाचन किया गया.

पुलिस ने शातिर वाहन चोर सहित की गाड़ियां बरामद

नवभारत न्यूज

इटारसी, 12,जनवरी, शहर में बढ़ती वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए इटारसी पुलिस ने एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। पुलिस ने एक शातिर वाहन चोर सहित चोरी की गाडियां खरीदने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 4 मोटर साइकिल बरामद की हैं, जिनकी कुल कीमत 1 लाख 83 हजार रुपये आंकी गई है। आज यहां टीआई गौरव सिंह बुंदेला की मौजूदगी में एसडीओपी वीरेन्द्र मिश्रा ने बताया कि 12 जनवरी 2026 को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि गैरेज लाइन

के पीछे एक व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में मोटर साइकिल बेचने की फिराक में घूम रहा है। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर सिराज मोहम्मद उर्फ राजा उम्र 23 वर्ष, निवासी सिवनी मालवा को पकड़ा। उससे जब कड़ाई से पूछताछ की गई, तो उसने शहर से तीन अन्य मोटर साइकिलें चोरी करना भी स्वीकार किया।

न्यास कालोनी बायपास पर मिला युवक का शव

नवभारत न्यूज

इटारसी, 12 जनरवरी सोमवार सुबह इटारसी के न्यास कॉलोनी बाईपास से रेलवे पुलिया की ओर जाने वाले मार्ग पर एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की शिनाख्त मोहित पिता बट्टू चौधरी (30 वर्ष), निवासी ग्राम कांसखेड़ा, तहसील माखननगर (बाबई) के रूप में हुई है। अब तक की मिला जानकारी के अनुसार शनिवार को मोहित अपने मामा और भाई से मिलने ग्राम सोना सांवरी आया था, जो वहां प्राइवेट नौकरी करते हैं। रविवार को वह अपनी बाइक से वापस अपने गांव कांसखेड़ा के लिए निकला था, लेकिन घर नहीं पहुंचा। सोमवार सुबह राहगीरों ने रेलवे पुलिया के पास खेड़ा क्षेत्र में उसका शव पड़ा देखा। पास ही उसकी बाइक भी गिरी हुई मिली। घटनास्थल की स्थिति को देखते हुए मामला दुर्घटना और हत्या के बीच उलझा हुआ है।

मोहित के चेहरे पर गहरे और गंभीर चोट के निशान मिले हैं, पुलिस को संदेह है कि शायद नशे की हालत में बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई होगी, जिससे यह जानलेवा चोट आई। हालांकि, मौके की संदिग्ध परिस्थितियों को देखते हुए अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है।

महज 24 घंटे के भीतर मोबाइल चोर पकड़ाए

इटारसी। पुलिस ने घटना के महज 24 घंटे के भीतर चोरी गए 3,15,000 रुपए कीमत के 09 कीमती स्मार्टफोन और 03 पावर बैंक बरामद कर लिए हैं। इस मामले में तीन नाबालिगों को हिरासत में लिया गया है। दुकान संचालक अमर नागवानी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि अज्ञात चोरों ने लाखों के मोबाइल पार कर दिए हैं। मामले में एक विशेष टीम का गठन किया गया। थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तीन नाबालिगों को चिह्नित किया। इस दौरान 18 बंगला खंडहर के पास से चोरी किया गया सारा मशरूका बरामद कर लिया गया। इस त्वरित कार्रवाई में निरीक्षक गौरव सिंह बुंदेला, सउनि सुरेन्द्र मालवीय आदि थे.

टीआरएस शेड कैंटीन चुनाव का मतदान आज

नवभारत न्यूज

इटारसी,12,जनवरी, वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ ने नया यार्ड स्थित टीआरएस शेड कैंटीन चुनाव के लिए अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। सोमवार को संघ के महामंत्री अशोक शर्मा के नेतृत्व में गेट मीटिंग का आयोजन किया, जिसमें वक्ताओं ने विरोधियों पर तीखे प्रहार करते हुए रेल कर्मचारियों से एकजुट होकर पैनल वोट देने की अपील की। आज मंगलवार, 13 जनवरी को होने वाले मतदान के लिए संघ ने स्वच्छ छवि और सेवाभावी प्रत्याशियों को मैदान में उतारा है। इनमें नरेंद्र जोहरवाल, तरुण शुक्ला, गुरपाल सिंह, राहुल कुमार राणा, दिगंबर बड़े और अमित सोनिया शामिल हैं। सभा में इन

सभी को गाय निशान पर मुहर लगाकर विजयी बनाने का संकल्प लिया गया।

विरोधियों पर बरसे नेता - मुख्य वक्ता मंडल संगठन सचिव प्रीतम तिवारी ने अपने ओजस्वी भाषण से युवाओं में जोश भर दिया। उन्होंने तंज कसते हुए कहा, जहां गठबंधन टूटा, वहां कैंटीन लूटा। उन्होंने आरोप लगाया कि मान्यता न होने के बावजूद लाल झंडा और अन्य संगठन गठबंधन कर कैंटीन में घोटाले की साजिश रच रहे हैं। मंडल कोषाध्यक्ष भागीरथ मीणा ने कहा कि हमारे प्रत्याशी सदैव कर्मचारियों के बीच रहकर पारदर्शिता से कार्य करते हैं।

कांग्रेस आज करेगी नगर पालिका का घेराव

हरदा जिला कांग्रेस कार्यालय में नगर पालिका घेराव को लेकर वार्ड पार्षद एवं पार्षद प्रत्याशी रहे साथियों के साथ बैठक का आयोजन रखा गया । जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहन साईं ने सभी साथियों से अनुरोध किया है की अपने अपने वार्डो से अधिक से अधिक संख्या में लोगों को लेकर आए । जिला अध्यक्ष मोहन साईं ने कहा की हरदा शहर में भी हर घर गंदा पानी आ रहा है। कांग्रेस जिला अध्यक्ष मोहन साईं , राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के राष्ट्रीय सलाहकार हेमंत टाले व ब्लाक अध्यक्ष गोविंद व्यास अपने साथियों के साथ 8 दिन से लगातार शहर के कई वार्डो में घूम रहे हैं।

स्वामी जी का चरित्र दर्शन है युवाओं को उनका अनुसरण करना चाहिए

जिला अधिवक्ता संघ नर्मदापुरम के सभागार में हुआ कार्यक्रम

नवभारत न्यूज

नर्मदापुरम, 12,जनवरी, स्वामी विवेकानंद जी की जयंती पर 12 जनवरी को जिला अधिवक्ता संघ नर्मदापुरम के सभागार में कार्यक्रम हुआ। संघ सचिव मनोज जराठे ने बताया कि संघ अध्यक्ष दीपक जैन, वरिष्ठ अधिवक्ता एस एस ठाकुर, बसंत चौहान, के के जराठे, अजित रघुवंशी, रामराज ठाकुर,जी आर सराठे पूर्व अध्यक्ष केके थापक, प्रदीप चौबे,अजय प्रकाश श्रीवास्तव आदि ने इस दौरान विवेकानंद जी के जीवन चरित्र से शिक्षा लेने की बात कही। उन्होंने कहा कि स्वामी जी का चरित्र एक दर्शन है युवा पीढी के साथ समाज को उनका अनुशरण करना चाहिए। कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिवक्ता सुखराम शर्मा, मोरसिंह चौहान, प्रदीप तिवारी,प्रकाश पचौरी,एच के यादव,जाहिद खान, बलवंत ठाकुर, सुरेंद्र राजपूत, राजा चौहान,नितेश गौर,सुरेंद्र राजपूत, प्रकाश शुक्ला, श्रीप्रकाश दुबे,संघ उपाध्यक्ष मनोज यादव, सहसचिव क्षमा चौहान, ग्रंथपाल पी डी चौरे, कार्यकारिणी सदस्य सीके कुरापा, सौरभ तिवारी, अभिषेक दीक्षित, दीपक सोन, प्रकाश कुशवाह के अलावा अन्य मौजूद रहे।

अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के जिला अध्यक्ष का हुआ मनोयन

इटारसी /रविवार को यादव भवन इटारसी में अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा की बैठक रखी गई मध्य प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष जगदीश चंद्र यादव के निर्देश पर पर्यवेक्षक एडवोकेट दिनेश यादव जिला अध्यक्ष के निर्वाचन के लिए नियुक्त किया गया. बैठक में शामिल हुए सभी यादवजनों की एक राय अनुसार जिला नर्मदापुरम में जिला अध्यक्ष राजेंद्र यादव नर्मदापुरम एवं जिला ग्रामीण अध्यक्ष पुन: राजेश यादव को दोबारा नियुक्त किया गया। इस अवसर पर एडवोकेट दिनेश यादव, आरके यादव, एडवोकेट मधुसूदन यादव, प्रदेश अध्यक्ष सांस्कृतिक प्रकोष्ठ मुकेश यादव, राजेंद्र यादव, राजेश यादव ग्रामीण जिला अध्यक्ष,नरेंद्र पटेल, कपिल यादव प्रदेश उपाध्यक्ष नीटाया, ललित मोहन यादव, मदन सिंह यादव शिवपुरी, रजत यादव, युवराज यादव, एडवोकेट रामराज यादव, गोविंद राम यदुवंशी भंगिया, डॉ मनोज यादव, मनमोहन यादव, भीलाडिया मुकेश यादव, बबलू यादव, धर्मेंद्र यादव , दीपक पटेल, अशोक यादव, अन्य यदुजन उपस्थित थे

हादसे में मृतक के परिजनों को मिली अंत्येष्टि सहायता

सिराली, जिले की ग्राम पंचायत दीपगांव कला निवासी एक व्यक्ति की गुरुवार को सड़क हादसे में असामयिक मृत्यु हो जाने से पूरे गांव में शोक की लहर फैल गई। इस दुखद घटना से मृतक का परिवार गहरे सदमे में है। घटना की सूचना मिलते ही ग्राम पंचायत ने आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण कर जनकल्याण योजना के अंतर्गत सहायता प्रक्रिया प्रारंभ की। सरपंच रवि शंकर मीणा, पंचायत सचिव रूपसिंह चंदेल एवं पंच बाबू पटेल की उपस्थिति में मृतक के निवास पहुंचे।

वेस्टर्न डिस्टरबेंस फसलों के लिये अमृत का इंतजार

किसान अमृत रूपी मावठे का कर रहे इंतजार

नवभारत न्यूज

इटारसी, 12 जनवरी जनवरी का आधा महीना बीत चुका है, लेकिन जिले के निवासी और किसान अभी भी उस कड़ाके की ठंड और अमृत रूपी मावठे का इंतजार कर रहे हैं जो इस समय तक सामान्यतः अपनी दस्तक दे देता है। जिले के पर्यटन स्थल पचमढ़ी को छोड़ दें, तो शेष मैदानी इलाकों में पारा उस स्तर तक नहीं गिरा है जिससे सर्दी का तीखापन महसूस हो सके। दिसंबर और जनवरी के शुरुआती पखवाड़े में होने वाली मावठे की बारिश रबी की फसलों विशेषकर गेहूं और चने के लिए खाद से भी ज्यादा कीमती मानी जाती है। इस बार मावठे की एक बूंद भी धरती पर नहीं गिरी है, जिससे किसान फसल की पैदावार को लेकर चिंतित हैं। हवा में नमी की कमी के कारण फसलें उस तरह से नहीं फल-फूल पा रही हैं जैसा कि अपेक्षित ठंड और नमी में होता है। आश्चर्यजनक रूप से, प्रदेश की राजधानी भोपाल और पड़ोसी जिलों में पारा तेजी से नीचे खिसका है और वहां अच्छी सर्दी पड़ रही है। इसके विपरीत, नर्मदापुरम में मौसम विभाग के तमाम अनुमानों के बावजूद अपेक्षित ठंड का अभाव है। केवल पचमढ़ी में ही पारा न्यूनतम स्तर पर बना हुआ है, जबकि जिले के अन्य हिस्सों में दिन का तापमान सामान्य से ऊपर बना हुआ है। हवा में नमी का स्तर कम होने और तापमान में उतार-चढ़ाव का सीधा असर आमजन की सेहत पर पड़ रहा है। शुष्क हवाओं और प्रदूषण के कणों के कारण सांस के मरीजों, बच्चों और बुजुर्गों में सर्दी-खांसी और एलर्जी की समस्याएं बढ़ रही हैं। डॉक्टरों का मानना है कि यदि अच्छी ठंड और एक बार बारिश हो जाए, तो हवा साफ होगी और संक्रमण के खतरे कम होंगे।

स्वामी विवेकानंद की जयंती पर हुआ सामूहिक सूर्य नमस्कार

नवभारत न्यूज

हरदा, 12 जनवरी स्वामी विवेकानंद के जन्मदिवस ''युवा दिवस'' के अवसर पर प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी जिले के सभी विद्यालयों और महाविद्यालयों में सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम स्थानीय उत्कृष्ट विद्यालय के मैदान में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ अतिथियों द्वारा स्वामी विवेकानंद एवं माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्जवलन कर किया गया। इस दौरान भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आकाशवाणी के माध्यम से सीधा प्रसारण भी किया गया।इस अवसर पर हरदा जिला पंचायत उपाध्यक्ष दर्शन सिंह गहलोत, पूर्व कृषि मंत्री कमल पटेल, जिला अध्यक्ष राजेश वर्मा, नपा उपाध्यक्ष अंशुल गोयल विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी डी.एस. रघुवंशी सहित अन्य जिला अधिकारी व विद्यार्थियों, जनप्रतिनिधियों ने भी योग अभ्यास में भाग लिया। सभी प्रतिभागियों ने एक साथ सूर्य नमस्कार किया.